# सीएम योगी ने जेवर एयरपोर्ट का लिया जायजा

## सुरक्षा और व्यवस्थाओं को परखा, अधिकारियों को दिए सख्त निर्देश

▸ 28 मार्च को पीएम मोदी कर सकते है उद्घाटन



**ग्रेटर नोएडा, 22 मार्च. उत्तर प्रदेश के बहुप्रतीक्षित नोएडा अंतर्राष्ट्रीय एयरपोर्ट के उद्घाटन से पहले तैयारियां अंतिम चरण में पहुंच चुकी हैं। प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रविवार को ग्रेटर नोएडा जेवर पहुंचकर एयरपोर्ट परिसर का विस्तृत निरीक्षण किया और अधिकारियों को जरूरी दिशा-निर्देश दिए।**

रविवार निरीक्षण के उपरांत आयोजित बैठक सीएम योगी ने कहा कि,एयरपोर्ट का उद्घाटन 28 मार्च को प्रस्तावित है, जिसे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी करेंगे। इस मौके पर एक विशाल जनसभा भी आयोजित होगी, जिसमें करीब डेढ़ लाख लोगों के शामिल होने का अनुमान है.

उद्घाटन के साथ ही जेवर का यह प्रोजेक्ट देश के एविएशन सेक्टर में एक नया अध्याय जोड़ेगा। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अपने दौरे के दौरान एयरपोर्ट के निर्माण कार्यों की प्रगति की समीक्षा, सुरक्षा व्यवस्था और यातायात प्रबंधन का निरीक्षण और उद्घाटन समारोह स्थल और वीवीआईपी मूवमेंट रूट का जायजा लिया। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि कार्यक्रम के दौरान किसी भी प्रकार की अव्यवस्था न हो और सभी व्यवस्थाएं समय से पहले दुरुस्त कर ली जाएं.

# माता वैष्णो देवी यात्रा फिर शुरू

**जम्मू, 22 मार्च. जम्मू कश्मीर के रियासी जिले में त्रिकुटा पहाड़ियों पर स्थित माता वैष्णो देवी के गुफा मंदिर की यात्रा अस्थायी स्थगन के बाद रविवार को फिर से शुरू कर दी गई। अधिकारियों ने यह जानकारी दी.**

श्राइन बोर्ड के एक अधिकारी ने बताया, भवन में आत्यधिक भीड़ के कारण यात्रा अस्थायी रूप से स्थगित की गई थी, जिसे अब फिर से शुरू कर दिया गया है। उन्होंने कहा कि कटरा में रविवार सुबह से यात्रा के लिए पंजीकरण भी दोबारा शुरू हो गया। पंजीकरण के बाद 5,000 से अधिक श्रद्धालु गुफा मंदिर की ओर रवाना हुए थे। पंजीकरण केंद्रों पर भी भारी भीड़ देखी गई।



नवरात्र के तीसरे दिन 'जय माता दी' के जयकारों के साथ सैकड़ों श्रद्धालु त्रिकुटा पहाड़ियों की घुमावदार रास्तों से होते हुए भवन की ओर बढ़ते नजर आए। फूलों से सुसज्जित और रंग-बिरंगी रोशनी से आलोकित गुफा मंदिर का परिसर श्रद्धालुओं की भीड़ से गुलजार है। प्रशासन ने कटरा आधार शिविर और मंदिर तक जाने वाले मार्ग पर बहुस्तरीय सुरक्षा प्रबंध किए हैं, जिससे यात्रा सुरक्षित और सुचारू ढंग से संचालित हो सके.

# रूस को अमेरिका वैश्विक ऊर्जा बाजारों से कर रहा बेदखल

## रूस के विदेश मंत्री का बड़ा आरोप

**मास्को, 22 मार्च. रूस के विदेश मंत्री सर्गेई लावरोव ने अमेरिका की अंतरराष्ट्रीय नीतियों पर तीखा हमला किया और कहा कि अमेरिका जानबूझकर, रूस को वैश्विक ऊर्जा बाजारों से बेदखल करने की कोशिश कर रहा है.**



वह एक चर्चा में बोल रहे थे. लावरोव ने स्पष्ट किया कि वर्तमान में अमेरिका की ओर से रूस के हितों के सम्मान की कोई प्रतिबद्धता दिखाई नहीं दे रही है. उन्होंने कहा कि हमें सभी अंतरराष्ट्रीय ऊर्जा बाजारों से बाहर धकेला जा रहा है और अंततः केवल हमारा अपना क्षेत्र ही शेष बचेगा. अमेरिका ने यूरोपीय ऊर्जा बाजार में रूस के कमजोर होने का न केवल स्वागत किया है, बल्कि इसे वैश्विक स्तर पर ऊर्जा प्रभुत्व स्थापित करने के एक खुले दावे के रूप में इस्तेमाल कर रहा है.

# केजरीवाल ने हवाई किराए के कुशल नियमन की अपील की

## मध्यम वर्ग की आवश्यकता है हवाई यात्रा

**नई दिल्ली, 22 मार्च. आम आदमी पार्टी के संयोजक और दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने घरेलू उड़ानों पर लगाए गए अस्थायी किराया प्रतिबंध को हटाने के एनडीए के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार के फैसले की कड़ी आलोचना की है.**



केंद्र सरकार ने ये फैसला इंडिगो की व्यापक उड़ान व्यवधानों के बाद लिया था. केजरीवाल ने हवाई यात्रा को मध्यम वर्ग के लिए एक लग्जरी नहीं बल्कि आवश्यकता बताया है. केजरीवाल ने पश्चिम एशिया संघर्ष के मद्देनजर हवाई किराए के कुशल नियमन की अपील की है. बता दें कि भारतीय एयरलाइंस परिचालन संबंधी व्यवधानों, जेट ईंधन की बढ़ती कीमतों और डॉलर के मुकाबले रुपये के कमजोर होने जैसी समस्याओं से जूझ रही हैं.

# ईरान ने इजराइल पर चार मिसाइलें दागीं

**तेहरान, 22 मार्च. ईरान ने इजराइल पर रविवार सुबह से 4 बैलिस्टिक मिसाइलें दागीं. इन हमलों में 3 से ज्यादा लोग घायल हुए हैं.**

इजराइली विदेश मंत्रालय और स्वास्थ्य सेवाओं के अनुसार, घायलों में बच्चे भी शामिल हैं. इससे पहले ईरान ने शनिवार रात भी इजराइल के डिमोना और अराद शहरों पर हमला किया था. यहां इजराइल का बड़ा न्यूक्लियर प्लांट है.



## परमाणु-संचालित ब्रिटिश पनडुब्बी अरब सागर पहुंची

ब्रिटेन की परमाणु-संचालित पनडुब्बी अरब सागर पहुंच गई है. यह घटनाक्रम ऐसे समय में सामने आया है, जब अमेरिका ने ईरान के खिलाफ अपने सैन्य अभियान को तेज करने के संकेत दिए हैं. रिपोर्ट के अनुसार, एचएमएस एंसन नाम की यह पनडुब्बी छह मार्च को ऑस्ट्रेलिया के पर्थ शहर से रवाना हुई थी और अब माना जा रहा है कि उसने होर्मुज जलडमरूमध्य के निकट उत्तरी अरब सागर में अपनी तैनाती ले ली है. रिपोर्ट में बताया गया कि यह पनडुब्बी टॉमहॉक ब्लॉक-4 लैंड-अटैक मिसाइलों से लैस है.

# श्रीलंका में पेट्रोल और डीजल के दाम बढ़ाए

**कोलंबो, 22 मार्च.** कच्चे तेल की सप्लाई संकट के बीच श्रीलंकाई सरकार ने पेट्रोल-डीजल की कीमतों में 25 प्रतिशत तक की बढ़ोतरी की है. रविवार को हुई बढ़ोतरी के बाद श्रीलंका में रेगुलर पेट्रोल की कीमत 81 श्रीलंकाई रुपए बढ़कर 398 रुपए प्रति लीटर हो गई है. वहीं डीजल 79 रुपए महंगा होकर 382 रुपए प्रति लीटर पर पहुंच गया है. पिछले दो हफ्तों में यह दूसरी बार है जब पेट्रोल-डीजल के दाम बढ़ाए गए हैं. इससे पहले पिछले हफ्ते कीमतों में 8 प्रतिशत का इजाफा किया था. हालात बिगड़ते देख राष्ट्रपति अनुरा कुमारा दिसानायके ने देश में 4 डे वर्किंग वीक लागू कर दिया है.

# कतर में हेलीकॉप्टर क्रैश होने से 7 की मौत

**दोहा, 22 मार्च.** मिडिल ईस्ट में जारी तनाव के बीच कतर बड़ी खबर सामने आई है. कतर के क्षेत्रीय जल (टेरिटोरियल वॉटर) में रविवार तड़के हेलीकॉप्टर दुर्घटनाग्रस्त हो गया. इस हादसे में सात लोगों की मौत हो गई है. खाड़ी देश के अधिकारियों ने यह पुष्टि की. कतर के रक्षा मंत्रालय की रिपोर्ट के अनुसार, हेलीकॉप्टर क्रैश होने के तुरंत बाद उनकी विशेष टीमें देश के क्षेत्रीय जल में खोज और बचाव अभियान चला रही हैं. ये अभियान कोस्ट्स और बॉर्डर्स सिक्योरिटी के जनरल डायरेक्टरेट की समुद्री तलाशी और बचाव टीम और आंतरिक सुरक्षा बल के कतर अंतरराष्ट्रीय तलाशी और बचाव समूह के साथ मिलकर, आपसी तालमेल से चलाए जा रहे हैं.

# बांग्लादेश में ट्रेन ने बस को 1 किमी तक घसीटा

▸ 12 लोगों की मौत और 20 घायल

**ढाका, 22 मार्च. बांग्लादेश में ढाका-चटगांव मार्ग पर तड़के कोमिला के पादुआ बाजार लेवल क्रॉसिंग पर ट्रेन और बस की टक्कर में 12 लोगों की जान चली गई. इस हादसे में 2 लोग घायल हो गए. इस दुर्घटना के बाद ढाका-चटगांव मार्ग पर तीन घंटे तक ट्रेनों का परिचालन निलंबित रहा.**

मृतकों में सात पुरुष, तीन महिला और दो बच्चे शामिल हैं. सूचना पाकर सेना, पुलिस, अग्निशमन सेवा और रेड क्रिसेंट के सदस्य पहुंचे और बचाव अभियान शुरू किया. यह दुर्घटना लगभग 3.00 बजे हुई. चटगांव जा रही मामून स्पेशल बस पादुआ बाजार लेवल क्रॉसिंग पर ट्रेन की चपेट में आ गई. बस ट्रेन के इंजन में फंस गई और ट्रेन के रुकने से पहले लगभग एक किलोमीटर तक घिसटती रही. बस को ट्रेन घसीटते हुए जंगाल्या-कचुआ इलाके तक ले गई थी.




## क्रॉसिंग पर नहीं था कोई गेटमैन

अधिकारियों ने बताया कि दुर्घटना के समय क्रॉसिंग पर कोई गेटमैन मौजूद नहीं था. पूर्वी जोन के महाप्रबंधक ने पुष्टि की कि बांग्लादेश रेलवे ने मंडल स्तर क्षेत्रीय स्तर पर दो जांच समितियां बनाई हैं. गेटमैन्स को अस्थायी रूप से निलंबित कर दिया गया है. बताया गया है कि अभी तक कोई बचाव ट्रेन घटनास्थल पर नहीं पहुंची है.

# मतदान केंद्रों पर न्यूनतम सुविधाओं व मतदाता सहायता को अनिवार्य करने की घोषणा की

▸ विस चुनाव 2026 : भारतीय निर्वाचन आयोग ने मुख्य निर्वाचन अधिकारियों को दिए निर्देश

▸ मतदान केंद्र के प्रवेश द्वार के बाहर मोबाइल फोन जमा करने की होगी सुविधा




**नई दिल्ली, 22 मार्च. भारतीय निर्वाचन आयोग ( ईसीआई ) ने चुनावी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के मुख्य निर्वाचन अधिकारियों ( सीईओ ) को निर्देश दिए हैं.**

इनमें कहा गया है कि 2,18,807 मतदान केंद्रों पर सुनिश्चित न्यूनतम सुविधाएं (एएमएफ) और मतदाता सहायता की व्यवस्था अनिवार्य रूप से की जाए. ईसीआई ने 15 मार्च को असम, केरल, पुडुचेरी, तमिलनाडु और पश्चिम बंगाल की विधानसभाओं के आम चुनावों व 6 राज्यों में उपचुनाव की तारीखों की घोषणा की थी.

**पांच राज्यों के विधानसभा चुनाव**

आयोग के अनुसार, सुनिश्चित न्यूनतम सुविधाओं में पीने का पानी, वेटिंग एरिया, टॉयलेट, रोशनी, दिव्यांग वोटरों के लिए सही ढलान वाला रैंप, एक स्टैंडर्ड वोटिंग कम्पार्टमेंट और सही साइनेज शामिल हैं. राज्यों के मुख्य निर्वाचन अधिकारियों से यह भी कहा गया है कि वे कतार में खड़े मतदाताओं के लिए नियमित अंतराल पर बैठने की व्यवस्था (बेंच) करें, ताकि वोटर अपनी बारी का इंतजार करते हुए बैठ सकें. ईसीआई ने रविवार को जानकारी दी कि मतदाता जागरुकता बढ़ाने के लिए सभी पोलिंग स्टेशनों पर चार यूनिफॉर्म और स्टैंडर्ड वोटर फैसिलिटेशन पोस्टर (वीएफपी) लगाए जाएंगे. इनमें मतदान केंद्र का विवरण, उम्मीदवारों की सूची, क्या करें और क्या न करें, मान्य पहचान पत्रों की सूची व मतदान प्रक्रिया की जानकारी दी जाएगी. चुनाव आयोग के अनुसार, हर मतदान केंद्र परिसर में वोटर असिस्टेंस बूथ (वीएबी) स्थापित किए जाएंगे, जहां बूथ लेवल अधिकारी (बीएलओ) या अन्य कर्मचारी मतदाताओं को उनके मतदान केंद्र और मतदाता सूची में क्रम संख्या ढूंढने में सहायता करेंगे. ये बूथ स्पष्ट संकेतों के साथ आसानी से दिखाई देंगे.

## सुवेंदु अधिकारी ने बंगाल की सीएम ममता बनर्जी को बताया 'सांप्रदायिक'

**कोलकाता, 22 मार्च. पश्चिम बंगाल के नेता प्रतिपक्ष सुवेंदु अधिकारी ने रविवार को मुख्यमंत्री ममता बनर्जी पर 'सांप्रदायिक' होने का आरोप लगाया. उनकी यह प्रतिक्रिया शनिवार को ममता बनर्जी के रेडरोड पर ईद समारोह में शामिल होने के बाद आई, जहां उन्होंने भारतीय जनता पार्टी और प्रधानमंत्री मोदी पर तीखा हमला बोला और पश्चिम बंगाल की जनता के साथ खड़े रहने की अपनी प्रतिबद्धता दोहराई थी.**

बंगाल के विपक्ष के नेता 23 और 29 अप्रैल को होने वाले दो चरणों के राज्य विधानसभा चुनाव के लिए प्रचार करने नंदीग्राम में थे. पत्रकारों से बात करते हुए उन्होंने कहा, ममता बनर्जी स्वयं सांप्रदायिक हैं. नमाज इस्लाम धर्म मानने वालों के लिए है. क्या ममता बनर्जी इस्लाम धर्म का पालन करती हैं? वह मुस्लिम नहीं हैं. महिलाओं के लिए नमाज अलग से आयोजित की जाती है. उन्होंने तृणमूल कांग्रेस सुप्रीमो पर धार्मिक मंच का दुरुपयोग करने का भी आरोप लगाया. उन्होंने कहा, खिलाफत कमेटी के कार्यक्रम में उन्होंने देश के प्रधानमंत्री को घुसपैठिया कहा. धार्मिक कार्यक्रम में भला कौन इस तरह की बातें करता है? मैं भी ऐसे कार्यक्रमों में जाता हूं, लेकिन क्या मैं ऐसे कार्यक्रमों में भाजपा को वोट देने के लिए कहता हूं, या क्या मैं कहता हूं कि मुख्यमंत्री बुरे हैं? भाजपा को मुस्लिम समुदाय से मिल रहे समर्थन पर उन्होंने कहा, इस बार हमें काफी समर्थन मिल रहा है.ईद के दिन भी मैं हल्दिया गया था. ईद उनका अपना त्योहार था, लेकिन इसके बावजूद वे मेरी सभा में आए. अभी इस रैली में भी 50 से ज्यादा युवा मुस्लिम पुरुष शामिल हैं.

### लोग रोजगार की मांग कर रहे हैं : सुवेंद

अधिकारी ने कहा कि लोग रोजगार की मांग कर रहे हैं. नंदीग्राम के 30 हजार युवा दूसरे राज्यों में प्रवासी मजदूर के रूप में काम कर रहे हैं, जिनमें 18,000 मुस्लिम युवा हैं. 3,000 मुस्लिम युवा महाराष्ट्र में काम कर रहे हैं. कहा कि लोगों को अब एहसास हो गया है कि तृणमूल कांग्रेस ने 2021 के चुनाव में एनआरसी के नाम पर वोट बटोरे थे.

## भाजपा ने अरुलमुरुगन को कराईकल से उम्मीदवार किया घोषित

**पुडुचेरी.** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने रविवार को एम अरुलमुरुगन को पुडुचेरी विधानसभा चुनाव में कराईकल (दक्षिण) से अपना उम्मीदवार घोषित किया. बता दें कि भाजपा ने शनिवार को नौ उम्मीदवारों की घोषणा की थी. आज 10वें उम्मीदवार की घोषणा के साथ, पार्टी की उम्मीदवारों की सूची अब पूरी हो गई है. चुनाव नौ अप्रैल को होंगे. सीट बंटवारे समझौते के अनुसार मुख्यमंत्री एन रंगासामी के नेतृत्व वाली सत्तारूढ़ अखिल भारतीय एनआर कांग्रेस (एआईएनआरसी) कुल 30 सीटों में से 16 पर चुनाव लड़ेगी, शेष 14 सीटें भाजपा के लिए छोड़ी गई.

## तमिलनाडु में सत्तारूढ़ द्रमुक नीत एसपीए गठबंधन से अलग हुई टीवीके

**चेन्नई, 22 मार्च.** तमिलनाडु में तमिलगा वाझवुरिमई काची (टीवीके) ने रविवार को सत्ताधारी द्रविड़ मुन्नेत्र कषगम (द्रमुक) के नेतृत्व वाले गठबंधन से अलग होने की घोषणा की. टीवीके ने सत्ताधारी दल के बड़े भाई वाले रवैये का विरोध किया और स्टालिन सरकार पर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) से जुड़े लोगों द्वारा चलाए जाने का आरोप लगाया. वहीं, मार्क्सवादी पार्टी ने अभी तक मुख्यमंत्री द्वारा 23 अप्रैल को होने वाले तमिलनाडु विधानसभा चुनावों में लड़ने के लिए दी गई पांच सीटों की पेशकश पर कोई फैसला नहीं लिया है. मार्क्सवादियों और दलित संगठन विदुथलाई चिरुथाइगल काची (वीसीके) की ओर ज़्यादा सीटों की मांग के चलते द्रमुक के लिए सीटों के बंटवारे की प्रक्रिया पूरी करना मुश्किल होता जा रहा है. द्रमुक के नेतृत्व वाले गठबंधन में वन्नियार समुदाय का चेहरा माने जाने वाले टीवीके के संस्थापक-अध्यक्ष टी. वेलमुरुगन ने यहां पत्रकारों से कहा, हमारे प्रति द्रमुक का रवैया बड़े भाई जैसा था. हम अपनी पार्टी के साथ इस तरह के बर्ताव को बर्दाश्त नहीं कर सकते. हम गठबंधन इसलिए नहीं छोड़ रहे हैं कि पिछली बार के मुकाबले यादा सीटों की हमारी मांग ठुकरा दी गई, बल्कि इसलिए छोड़ रहे हैं क्योंकि हमारी 10-सूत्रीय मांगों का चार्टर स्वीकार नहीं किया गया.

## असम में टीएमसी ने जारी की दूसरी लिस्ट

असम विधानसभा चुनाव 2026 को लेकर ऑल इंडिया तृणमूल कांग्रेस ने उम्मीदवारों की दूसरी सूची जारी कर दी है. पार्टी ने अध्यक्ष ममता बनर्जी के नेतृत्व में कई नामों की घोषणा की है. दूसरी लिस्ट में कुल 7 नामों की घोषणा की गई है. इसमें मंदिया सीट से शरमन अली अहमद को उम्मीदवार बनाया गया है. वहीं, हाजो-सुआलकुची (एससी) से रोजी अहमद (फुनु दास) उम्मीदवार होंगे.

**उपलब्धि** | पीएम मोदी के सरकार के प्रमुख के तौर पर 8,931 दिन पूरे होने पर भाजपा के वरिष्ठ नेताओं ने दी बधाई


# प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का कार्यकाल राष्ट्रसेवा का प्रतीक



**नई दिल्ली, 22 मार्च. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सरकार के प्रमुख के तौर पर 8,931 दिन पूरे होने पर भारतीय जनता पार्टी ( भाजपा ) के वरिष्ठ नेताओं ने उन्हें बधाई दी और उनके कार्यकाल को राष्ट्रसेवा का उदाहरण बताया.**




**भाजपा अध्यक्ष नितिन नवीन** ने सोशल मीडिया एक्स पर अपने एक पोस्ट में लिखा कि प्रधानमंत्री मोदी का 8931 दिनों का सार्वजनिक जीवन केवल राजनीतिक यात्रा नहीं, बल्कि तप, त्याग और राष्ट्रसेवा का प्रतीक है. उन्होंने कहा कि गुजरात के मुख्यमंत्री के रूप में मोदी ने विकास और सुशासन का मजबूत मॉडल पेश किया और प्रधानमंत्री बनने के बाद 'सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास, सबका प्रयास के मंत्र के साथ देश को नई दिशा दी. नवीन ने लिखा कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में देश में आधारभूत ढांचे का तेजी से विकास हुआ, डिजिटल क्रांति आई और कई जनकल्याणकारी योजनाएं लागू हुईं. प्रधानमंत्री जन धन योजना, उज्ज्वला योजना, आयुष्मान भारत और प्रधानमंत्री आवास योजना जैसी योजनाओं से करोड़ों लोगों को फायदा मिला है.



**केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह** ने कहा कि मोदी जी की दशकों की सेवा ने भारत को एक नए दौर में पहुंचाया है. उन्होंने कहा कि गरीबों को अधिकार दिलाने, विकास के नए आयाम स्थापित करने और दुनिया में भारत की प्रतिष्ठा बढ़ाने में पीएम मोदी की बड़ी भूमिका रही है. उन्होंने यह भी कहा कि 24 साल से बिना छुट्टी लिए लगातार देश सेवा करना उनकी प्रतिबद्धता को दर्शाता है.



**केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जेपी नड्डा** ने एक्स पर अपने पोस्ट में लिखा कि प्रधानमंत्री मोदी का नेतृत्व, उनकी कार्यक्षमता और देश को आगे बढ़ाने का संकल्प सभी के लिए प्रेरणा है. उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री के रूप में उनका हर निर्णय और हर कदम राष्ट्र प्रथम की भावना से प्रेरित रहा है.



**रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह** ने कहा कि पीएम मोदी अब भारत में सबसे लंबे समय तक सरकार के प्रमुख रहने वाले नेता बन गए हैं. उन्होंने कहा कि मोदी का जीवन राष्ट्र और जनता के प्रति समर्पण का उदाहरण है.

# 'मेक इन इंडिया' योजना ने खोली भारत में विकास की नई संभावनाएं

▸ जापानी कंपनी के प्रमुख हिरोकी फूजी ने कहा

**टोक्यो, 22 मार्च. मित्सुबिशी केमिकल इंजीनियरिंग कॉर्पोरेशन के प्रेसिडेंट हिरोकी फूजी ने रविवार को कहा कि भारत में हमेशा से ही विकास की अपार संभावनाएं रही हैं और 'मेक इन इंडिया' प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की शानदार पहल है.**

इसे काफी अच्छी तरह से डिजाइन किया गया और यह एक प्रभावी नीति है. फूजी ने कहा, मुझे लगता है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा प्रमोट की गई 'मेक इन इंडिया' एक शानदार पहल है. इसे काफी अच्छी तरह से डिजाइन किया गया और यह एक प्रभावी नीति है. उन्होंने आगे कि किसी देश को घरेलू स्तर पर वृद्धि हासिल करने के लिए स्थानीय स्तर पर खपत को बढ़ाना जरूरी है. वहीं, निर्यात को भी बढ़ाना जरूरी है, लेकिन घरेलू बाजार का विकास करना भी उतना ही महत्वपूर्ण है. उन्होंने कहा कि भारत में विकास की हमेशा से ही अपार संभावनाएं रही हैं. बीते एक दशक में देश की अर्थव्यवस्था में जो वृद्धि देखने को मिली है, वह सराहनीय है. इस दौरान चीन जैसे देशों की विकास दर में गिरावट देखने को मिली है.